State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh, Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्रमांक / अ.प.शै.प्र. / कार्यशाला / 2017–18 / 3631 रायपुर दिनांक 12.07.2017

प्रति,

समस्त, जिला शिक्षा अधिकारी,
छत्तीसगढ़

विषय– प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु (अधिगम परिणाम एवं शैक्षिक प्रकिया पर) मास्टर ट्रेनर्स भेजने बाबत्।

––000––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के गुणवत्ता एवं दक्षता संवर्धन हेतु अधिगम परिणाम एवं शैक्षिक प्रक्रिया पर तीन दिवसीय कार्यशाला निम्नांकित तिथियों में आयोजित है :–

क्रमांक	दिनांक	स्तर	जिला
01	16 जुलाई 2017 से 18 जुलाई 2017 तक	प्राथमिक स्तर	रायपुर, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, बस्तर, सुकमा, नारायणपुर, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, बलौदाबाजार, बेमेतरा, मुंगेली, बालोद
02	20 जुलाई 2017 से 22 जुलाई 2017 तक	प्राथमिक स्तर	दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, सरगुजा, सूरजपुर, कोण्डगांव, दंतेवाड़ा, जशपुर, जांजगीर, कोरिया, कबीरधाम, बलरामपुर, बीजापुर
03	23 जुलाई 2017 से 25 जुलाई 2017 तक	उच्च प्राथमिक स्तर	रायपुर, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, बस्तर, सुकमा, नारायण, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, बलौदाबाजार, बेमेतरा, मुंगेली, बालोद दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, सरगुजा, सूरजपुर, कोण्डगांव, दंतेवाड़ा, जशपुर, जांजगीर, कोरिया, कबीरधाम, बलरामपुर, बीजापुर

अतः आप अपने जिले के प्रत्येक विकासखण्ड हेतु 06 मास्टर ट्रेनर्स (गणित, पर्यावरण, एवं अंग्रेजी प्रति विषय 02 मास्टर ट्रेनर्स प्राथमिक शालाओं के लिए) तथा उच्च प्राथमिक शालाओं हेतु 03 मास्टर ट्रेनर्स (गणित, विज्ञान, एवं अंग्रेजी प्रति विषय 01 मास्टर ट्रेनर्स) अर्थात् अलग–अलग विषयों के प्रत्येक विकासखण्ड से कुल 09 मास्टर ट्रेनर्स को कार्यशाला में भेजना सुनिश्चित करें। उपरोक्तानुसार तिथियों में **कार्यशाला स्थल – विशलिंग वुड (शहनाई), कृषि महाविद्यालय के आगे, भंसाली फ्यूल्स के पास, सेरीखेड़ी, रायपुर पर प्रातः 08:00 बजे** उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें। विशलिंग वुड ,सेरीखेड़ी, हेतु रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टैड पंडरी से सिटी बस सेवा उपलब्ध है।

कृपया प्रतिभागी को निर्देशित करें कि वे अपने अध्यापन कराने वाले विषय के पाठ्य पुस्तक के साथ उपस्थित होंगे तथा प्रतिभागी अपना कर्मचारी कोड, बैंक खाता नंबर, बैंक का नाम एवं आई.एफ.एस.सी. कोड लाये जिससे टी.ए. / डी.ए. सीधे अंतरित किया जा सके।

(सुधीर कुमार अग्रवाल)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग., रायपुर

पृष्ठा. क्रमांक / अ.प.शै.प्र. / कार्यशाला / 2017–18 / 3632 रायपुर दिनांक 12.07.2017

प्रतिलिपि –

01. निज सहायक, माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को सूचनार्थ।
02. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ।
03. प्रबंध संचालक, सर्व शिक्षा अभियान, रायपुर को सूचनार्थ।
04. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर मास्टर ट्रेनर्स को अनिवार्य रूप से कार्यशाला हेतु भेजें, जिससे आपके विकासखण्ड में प्रशिक्षण का संचालन सुचारू रूप से हो सकें। सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग., रायपुर